7	एस0एम0जे0एन0 (पी0जी0) कालेज हरिद्वार	डा0 अवनीत कुमार	01334–324354	9411727072	smjncollege@gmail.com	avneetghildial@gmail.com
8	चिन्मय डिग्री कालेज हरिद्वार	डा0 आलोक कुमार	01334–230478	9837355796	chinmayprincipal @yahoo.com	principal@chinmaycollege hdr co.in
9	महिला महाविद्यालय सतीकुण्ड हरिद्वार	डा0 (श्रीमती) गीता जोशी		9410594235	–	–
10	आर0एम0 पी0जी0 कालेज नारसन हरिद्वार	डा0 बी0एल0 कुशवाह	01332–229221	9410371646	principalrmppgcollegenarsan@g mail.com	principalrmppgcollegenarsa n@gmail.com
11	बी0एस0एम0 पी0जी0 कालेज रुड़की	डा0 वी0पी0 गौतम	01332–272218	9917385959	bsmroorkee@indiatimes.com	bsmroorkee@indiatimes.co m
12	के0एल0डी0ए0वी पी0जी0 कालेज रुडकी	डा0 यशोदा मित्तल	01332–262268	9412929037	pym.kldavpgcr@gmail.com	pym.kldavpgcr@gmail.com

13	एस0डी0पी0सी0 जी0पी0जी0 कालेज रुड़की	डा0 शालिनी जोशी	01332–262705	9837257751	ssd.degree@gmail.com	shalinidoonuniv@gmail.com
14	आर्य कन्या महाविद्यालय अल्मोड़ा	डा0 सुषमा दयाल जौहरी	05962–232376	9027992424	–	–
15	चन्द्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय काशीपुर	डा0 कीर्ति पन्त	05947–278316	9837192150	ctcollege kashipur @rediffmail.com	kritipant kashipur @rediffmail.com
16	बालगंगा महाविद्यालय सेन्दुल कैमर टिहरी	डॉ0 शिव दयाल जोशी	01379–213249	8057823050	–	–

NATIONAL LEVEL EDUCATIONAL BODIES

Address of the Body	Telephone	Website	E-mail
University Grants Commission, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002	011-23239627 Fax- 011-23231797	www.ugc.ac.in	webmaster@ugc.ac.in
All India Council for Technical Education (AICTE) 7th Floor, Chanderlok Building Janpath, New Delhi-110001	011-23724151 to 57 Fax- 011-23724183	www.aicte-india.org	-
National Assessment & Accreditation Council (NAAC), P.O. Box No. 1075, Nagarbhavi Bangalore - 560072	080-23210267 Fax- 080-23210268	www.naac.gov.in	naac@blr.vsnl.net.in
National Council for Teacher Education (NCTE), Hans Bhavan Wing –II 1, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002	011-23370176 Fax-011-23370128	www.ncte-india.org	-
Medical Council of India, (MCI), Pocket -14, Sector-8, Dwarka Phase-1, New Delhi-110077	011-25367033 Fax-011-25367024	www.mciindia.org	mci@bol.net.in
Bar Council of India (BCI), 21 Rouse Avenue Institutional Area, Near Bal Bhavan, New Delhi-110002	011-49225000 Fax- 011-49225011	www.barcouncilofindia.org	info@.barcouncilofindia.org

Pharmacy Council of India (PCI), AIWAN-E-Galib Marg, Kotla Road, P.B.No. 7020 New Delhi-110 002	011-23239184 Fax-011-23239184	www.pci.nic.in	pci@ndb.vsnl.net.in
Association of Indian Universities (AIU) AIU House 16, Kotla Marg , New Delhi-110 002	011-23230059 Fax-011-23232131	www.aiuweb.org	info@aiuweb.org
National Council of Educational Research & Training (NCERT) Sri Aurobindo Marg New Delhi-110 016	011-26852261	www.ncert.nic.in	-
National University of Educational Planning & Administration (NUEPA) 17-B, Sri Aurobindo Marg New Delhi-110 016	011-26863562 Fax- 011-26853041	www.nuepa.org	nuepa@nuepa.org
Dental Council of India, Kotla Road,Temple Lane New Delhi-110002	011-23238542 Fax-011-23231252	www.dciindia.org	secretary@dciindia.org

सरकारी कार्य प्रणाली व व्यवहार

किसी भी संगठन या विभाग की सफलता मुख्यतया उस संगठन/विभाग के मानव संसाधनों (कार्मिकों) की कार्यदक्षता पर निर्भर करती है। जिस विभाग में अधिकांश कार्मिक अपने अधिकारी के साथ मिलकर निश्चित लक्ष्य या दिशा की ओर अपने सम्पूर्ण योगदान के साथ अग्रसर होते हैं, कहा जा सकता है कि उस विभाग में टीमवर्क है। सफलता प्राप्त करने के लिए नियमों, सिद्धान्तों व उच्च मापदण्डों पर आधारित कार्य प्रणाली अपनानी आवश्यक है। किसी भी सरकारी संगठन/विभाग के कुशल संचालन के लिए कार्य नियमों (Rules of Business) का अनुपालन अपेक्षित है। अतः सरकारी विभागों में कार्यरत सभी कार्मिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह शासकीय नियमों के अनुसार ही कार्य करें। तद्नुसार सुलभ सन्दर्भ के लिए कतिपय अति महत्वपूर्ण शासकीय विषयों के निर्देशों की संक्षेपिका निम्नलिखित है :–

(अ) अधिष्ठान सम्बन्धी नियम (नियुक्ति एवं प्रोन्नति)

सरकारी विभागों में नियुक्ति के निम्नलिखित प्रकार हैं :–

1. मौलिक नियुक्ति
2. संविदा पर नियुक्ति
3. दैनिक वेतनभोगी जिन्हें आकस्मिक व्यय की धनराशि से अदायगी की जाती है
4. विनिर्दिष्ट अवधि के लिए सेवायोजित
5. तदर्थ/अल्प कालिक व्यवस्था/रिक्तियों में सेवा योजित
6. कार्य प्रभारित (वर्क चार्ज) अधिष्ठान में समायोजित
7. पुनर्नियुक्ति

सरकारी सेवा में भर्ती के दो स्त्रोतों (सीधी भर्ती एवं पदोन्नति) के सम्बन्ध में निम्नलिखित बिन्दु महत्वपूर्ण हैं :–

1. **सेवा नियमावली**

स्वस्थ कार्मिक व्यवस्था तथा सरकारी कर्मचारियों की सेवा से सम्बंधित महत्वपूर्ण मामलों के सुव्यवस्थित निस्तारण हेतु सेवा नियमावली का अपरिहार्य महत्व है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 309 के तहत प्रत्येक सेवा संवर्ग के लिए सेवा अधिनियम न बन सकने तक की अवधि के लिए सेवा नियमावली बनाकर सेवा सम्बन्धी मामलों के निस्तारण की व्यवस्था की गयी है। सेवा नियमावली में सेवा संवर्ग का विवरण, भर्ती का स्रोत, अर्हता (शैक्षिक योग्यता, आयु, चरित्र, शारीरिक क्षमता आदि) चयन की प्रकिया, नियुक्ति, परिवीक्षा अवधि, स्थाईकरण, ज्येष्ठता, पदोन्नति आदि प्रकरणों पर स्पष्ट नीति अंकित होती है।

2. **चयन वर्ष**

सीधी भर्ती या पदोन्नति जो भी की जानी हो, वह एक चयन वर्ष के लिए की जाती है। सामान्यतः 1 जुलाई से प्रारम्भ होकर 30 जून तक की अवधि को एक चयन वर्ष की संज्ञा दी जाती है।

3. **चयन की संस्थायें**

किसी भी भर्ती के पूर्व चयन की संस्था का निर्धारण किया जाना आवश्यक है। सरकारी पदों पर चयन हेतु सामान्यतः समूह 'क' एवम् 'ख' के लिए लोक सेवा आयोग, समूह 'ग' पदों के लिए उन पदों को छोड़कर, जो लोक सेवा आयोग के परिधि में हैं, विभागाध्यक्ष/ शासन द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया के आधार पर एवम् समूह 'घ' के पदों पर विभागीय चयन समितियों के माध्यम से चयन की कार्यवाही की जाती है।

4. **रिक्तियों की गणना (वर्षवार रिक्तियों की गणना)**

सीधी भर्ती अथवा पदोन्नति दोनों मामलों में सर्व प्रथम सम्बन्धित चयन वर्ष की रिक्तियों की गणना जाती है, जिसके लिये उक्त चयन वर्ष में सेवा निवृत्ति, पदोन्नति के उपरान्त परिणामी रिक्तियों, विस्तार के फलस्वरुप नये पदो के सृजन एवं कुछ आकस्मिक रिक्तियों, सभी की गणना करते हुए रिक्तियों की संख्या तय की जाती हैं।

5. **आरक्षण**

रिक्तियों की गणना करने के पश्चात् उन रिक्तियों पर विभिन्न वर्गो को प्राप्त आरक्षण की गणना तत्समय लागू शासकीय नीति के आधार पर की जाती है।

6. **सीधी भर्ती में चयन की प्रक्रिया**

1. समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर
2. कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा करके अथवा रेडियो अथवा टेलीविजन और रोजगार समाचार पत्रों मे विज्ञापन प्रकाशित करके तथा
3. जहॉ नियमों में सेवायोजन कार्यालयों से नाम मंगाये जाने का प्राविधान है, वहां ऐसे कार्यालयों से चयन वर्ष की रिक्तियॉ और उन पर विभिन्न वर्गो को देय आरक्षण की सूचना के आधार पर नियुक्तियों को विज्ञापित करने, प्रार्थना पत्र आमंत्रित करने, उनकी समीक्षा करने के उपरान्त लिखित परीक्षा या मौखिक या दोनों आयोजित कर प्राप्ताकों के आधार पर योग्यता सूची बनायी जाती है। योग्यता सूची में अंकित क्रम में नियुक्ति आदेश जारी किये जाते है।

संवर्ग : किसी पृथक इकाई के रुप में स्वीकृत किसी सेवा या सेवा के किसी भाग की सदस्य संख्या को संवर्ग कहते हैं।

स्रोत संवर्ग : जिस संवर्ग से ऊपर के संवर्ग में प्रोन्नति की जाती है उसे स्रोत संवर्ग कहते हैं।

पात्रता सूची : पदोन्नति करते समय जिन कार्मिकों को विचार क्षेत्र में रखा जाता है, उनके विवरण को पात्रता सूची कहते हैं।

पदोन्नति की कार्यवाही के पूर्व निम्न कार्यवाहियॉ पूर्ण किया जाना आवश्यक है :–

(अ) निर्विवादित ज्येष्ठता का होना।

(ब) पात्रता क्षेत्र में आने वाले अभ्यर्थियों की चरित्र पंजिका की प्रविष्टियां अद्यावधिक करना व प्रतिकूल प्रविष्टियों को संसूचित कर, उनके विरुद्ध प्राप्त प्रत्यावेदनों का निस्तारण।

(ब) आहरण एवं संवितरण अधिकारी के कर्तव्य तथा उत्तरदायित्व

आहरण एवं संवितरण अधिकारी के कर्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों का निर्धारण कोषागार नियम और उसके अधीन बनाई गयी विभिन्न वित्तीय नियमावलियों द्वारा किया गया है। आहरण एवं संवितरण अधिकारी को उक्त नियमावलियों के साथ–साथ बजट मैनुअल, विभागीय मैनुअल, भविष्य निधि नियमावली, पेंशन नियमावली, आयकर अधिनियम एवं नियम, यात्रा भत्ता नियम तथा वित्तीय हस्त पुस्तिकाओं में दिये गये नियमों का अनुपालन करना होता है। उपर्युक्त के साथ ही प्रशासनिक विभाग, वित्त विभाग तथा विभागाध्यक्षों के स्तर से समय–समय पर दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना भी आहरण एवं संवितरण अधिकारी का उत्तरदायित्व है। आहरण एवं संवितरण अधिकारी किसी कार्यालय विशेष के समस्त शासकीय लेन–देन अथवा वित्तीय व्यवहारों के सम्यक संचालनार्थ उत्तरादायी होते हैं। आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के प्रमुख कर्तव्यों एवं दायित्वों के अर्न्तगत यह आवश्यक है कि वह :–

1. सरकारी धन की प्राप्ति स्वीकार करने, प्राप्त धन की सुरक्षित अभिरक्षा करने तथा उसे अनावश्यक विलम्ब किये बिना कोषागारों में सही लेखा–शीर्षक के अन्तर्गत जमा करने की व्यवस्था करें।

2. धन की प्राप्ति व उसको कोषागार में जमा करने सम्बन्धित प्रत्येक लेन–देन को लेखाबद्ध करें ।

3. सरकार द्वारा देय भुगतान हेतु कोषागार से विधिवत आहरण, आहरित धनराशि की सुरक्षित अभिरक्षा तथा प्रत्येक मद का सही व्यक्ति को यथा समय भुगतान कर लेन–देन सम्बन्धित लेखों में करने के उपरान्त उनका उचित रीति से रख–रखाव व वांछित विवरणियों का प्रेषण यथा समय करें।

4. कार्यालय में कार्यरत सभी सरकारी सेवकों से सम्बन्धित सेवा अभिलेखों और भविष्य निधि से सम्बन्धित लेखों व पास बुकों का रख–रखाव करें तथा सरकारी सेवकों के वेतन से कटौती का अभिलेख रखें तथा उनकी अभिरक्षा करें। उचित कटौतियों को करने व उनसे सम्बन्धित अनुसूचियों को विधिवत तैयार कर उनकों बिलों के साथ संलग्न करने का दायित्व भी आहरण एवं संवितरण अधिकारी का ही है।

5. नकद लेन–देन करने वाले कर्मचारी व स्टोर के प्रभारी कर्मचारी से कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व नियमों द्वारा निर्धारित जमानत की धनराशि जमा करवा लें तथा सुनिश्चित करें कि धन का गबन व सरकारी वस्तुओं का दुरुपयोग न होने पाये।

6. विभिन्न नियमावलियों के अर्न्तगत निर्धारित रजिस्टरों का रख–रखाव उचित रुप से करें।

7. आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा प्रत्येक कार्यालय जिसका वह आहरण एवं संवितरण अधिकारी है, से सम्बन्धित मासिक व्यय की मानक मदवार सूचना प्रपत्र बी0एम0–8 पर अनुवर्ती माह के प्रथम सप्ताह में विभागाध्यक्ष को नियमित रुप से प्रस्तुत की जानी चाहिए।

(स) सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली

सरकारी कार्मिकों एवं सरकार के बीच स्वामी और सेवक का सम्बन्ध होता है। स्वामी द्वारा अपने सेवकों से यह अपेक्षा की जानी स्वाभाविक है कि वह अपना कार्य एवं व्यवहार इस प्रकार करें कि उससे स्वामी की छवि खराब न हो। सेवकों का कोई भी दुराचरण सरकार की छवि को धूमिल कर सकता है। अतः सरकार अपने सेवकों के लिए जनता के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने में आचरण विनियमन करने के लिए आचरण नियमावली का निर्माण करती है। आचरण नियमावली के कतिपय महत्वपूर्ण नियम निम्नांकित हैं :–

1. प्रत्येक सरकारी कर्मचारी पूरे समय परम सत्यनिष्ठा तथा कर्तव्य परायणता से कार्य करता रहेगा। पूर्ण सत्यनिष्ठा का अर्थ सच्चाई, ईमानदारी एवं शुद्धता से हैं। यदि किसी सरकारी कर्मचारी से पूर्ण सत्यनिष्ठा बनाये रखने की अपेक्षा की जाय तो यह कहा जायेगा कि वह अपने को उस प्रशासकीय शिष्टता के घेरे में रखे जिसे सभ्य प्रशासन कहा जाता है। घूस लेना या अवैध पारितोषिक की मांग करना, अपनी आय के अनुपात से अधिक की सम्पत्ति कय करना या गलत लेखा तैयार करना, दुर्विनियोजन करना, गलत व्यक्ति को प्रोत्साहित करना आदि कुछ ऐसे उदाहरण हैं, जो सत्यनिष्ठा के विपरीत हैं। कर्तव्य परायणता की परिभाषा, सेवा के प्रति पूर्ण निष्ठा से संबंधित है। ऐसा सरकारी कार्मिक जो कर्तव्य के प्रति समर्पित नहीं है, दुराचरण का दोषी है। वास्तव में सत्यनिष्ठा व कर्तव्य परायणता एक ही के प्रतिरुप हैं।

2. प्रत्येक सरकारी कर्मचारी पूरे समय पर व्यवहार तथा आचरण नियमित करने वाले विशिष्ट या ध्वनित आदेशों के अनुसार आचरण करेगा। प्रत्येक सरकारी कर्मचारी चाहे वह अस्थाई, हो अथवा स्थाई या अन्य किसी प्रकिया द्वारा नियोजित हो, को शासन द्वारा समय–2 पर जारी किये गये वैधानिक आदेशों का अनुपालन करना आवश्यक है। यदि सरकारी कर्मचारी सत्यनिष्ठा व कर्तव्य परायण नहीं है अथवा वह विशिष्ट या ध्वनित आदेशों का अनुपालन नहीं करता हैं तो उसका कृत्य दुराचरण की श्रेणी में आयेगा।

3. कोई सरकारी कर्मचारी, किसी महिला के कार्यस्थल पर उसके यौन उत्पीड़न के किसी कार्य में संलिप्त नहीं होगा।

4. प्रत्येक सरकारी कर्मचारी जो किसी कार्य स्थल का प्रभारी हो, उस कार्यस्थल पर किसी महिला के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए उपयुक्त कदम उठायेगा।

5. किसी भी क्षेत्र, जहॉ वह उस समय विद्यमान हो, मादकपान अथवा औषधि सम्बन्धी जारी किसी भी आदेश का दृढ़ता से पालन करेगा।

6. कोई सरकारी कर्मचारी किसी राजनीतिक दल अथवा किसी ऐसी संस्था जो राजनीति में भाग लेती है, का न तो सदस्य होगा और न उससे सम्बन्ध रखेगा। वह किसी ऐसे आन्दोलन में या संस्था में हिस्सा नही लेगा, न उसकी सहायता के लिए चन्दा देगा या किसी रीति से उसकी मदद ही करेगा जो प्रत्यक्ष रुप' से सरकार के प्रति विद्रोहात्मक कार्यवाहियां करने की प्रवृत्ति पैदा करे।

7. सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन में रुकावट नहीं है, लेकिन वह ऐसा प्रदर्शन नहीं करेंगे अथवा ऐसे प्रदर्शन में सम्मिलित नहीं होगा, जो भारत राष्ट्र की अखण्डता, प्रभुता एवम् सुरक्षा तथा मर्यादित आचरण व विधिक व्यवस्था के प्रतिकूल हो।

8. सरकारी सेवक अपनी सेवा या किसी अन्य सरकारी कर्मचारी की सेवा से संबंधित मामले में न तो हड़ताल करेंगे और न हड़ताल करने के लिए उत्प्रेरित करेंगे।

9. कोई सरकारी सेवक बिना शासन की पूर्वानुमति के किसी समाचार पत्र अथवा अन्य नियतकालिक प्रकाशन का पूर्णतः अथवा अंशतः स्वामी नही बनेगा और न संचालन करेगा और न ही उसके सम्पादन या प्रबंधन में भाग लेगा।

10. कोई भी सरकारी कर्मचारी किसी रेडियो प्रसारण में अपने नाम से अथवा गुमनाम अथवा किसी अन्य नाम से किसी लेख अथवा समाचार पत्र में भेजे गये पत्र अथवा किसी सार्वजनिक स्थान में कोई ऐसे तथ्य की बात या मत व्यक्त नहीं करेगा, जिससे उत्तराखण्ड सरकार, केन्द्र सरकार अथवा अन्य राज्य सरकार की नीतियों अथवा वरिष्ठ पदाधिकारियों के निर्णयों की प्रतिकूल आलोचना होती हो।

11. सरकारी कर्मचारियों के पास गोपनीय तथा अनेक महत्वपूर्ण दस्तावेज होते हैं। इस नियम के तहत् कोई भी सरकारी कर्मचारी प्रत्यक्ष या परोक्ष कोई सरकारी कर्मचारी को अथवा अन्य व्यक्ति को, जिसे ऐसा लेखा रखने अथवा सूचना पाने का विधिक अधिकार नहीं है, को न तो देगा और न ही उसके पास जाने देगा। इसी प्रकार किसी भी पत्रावली की टीप का उद्धरण भी नहीं किया जा सकता है।

12. कोई सरकारी कर्मचारी बिना शासन की पूर्वानुमति के स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति की ओर से किसी ऐसे व्यक्ति से, जो उसका निकट संबंधी न हो कोई भेंट, अनुग्रह, धन

या पुरस्कार स्वीकार नहीं करेगा और न ही अपने परिवार के सदस्यों को ऐसी भेंट, अनुग्रह, धन या भेंट स्वीकार करने की अनुमति देगा।

13. कोई भी सरकारी सेवक न तो दहेज लेगा न उसके देने या लेने के लिए दुष्प्रेरित करेगा और न ही वर–वधू या वर–वधू के माता पिता या उसके संरक्षक से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से किसी दहेज की मांग करेगा।

14. कोई सरकारी कर्मचारी सिवाय उस दशा के जबकि उसने सरकार की पूर्ण स्वीकृति प्राप्त कर ली हो, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष किसी व्यापार या कारोबार में नहीं लगेगा और न ही कोई नौकरी करेगा।

15. कोई भी सरकारी कर्मचारी अपनी सेवा से सम्बन्धित अपने हितों के सम्बन्ध में किसी मामले में कोई राजनीतिक अथवा अन्य बाह्य साधनों से न तो ,स्वंय अथवा अपने कुटुम्ब के किसी सदस्य द्वारा कोई प्रभाव डालेगा या प्रभाव डलवाने का प्रयास करेगा।

(द) अवकाश नियम

अवकाश के सम्बन्ध में कतिपय प्रमुख नियम निम्नलिखित हैं :–

1. अवकाश केवल ड्यूटी देकर ही उपार्जित किया जाता है। इस नियम के लिए बाह्य सेवा में व्यतीत की गई अवधि को ड्यूटी माना जाता है, यदि ऐसी अवधि के लिए अवकाश वेतन के लिए अंशदान का भुगतान कर दिया गया है।
2. विशेष विकलांगता अवकाश के अतिरिक्त मूल नियमों के अन्तर्गत देय अन्य अवकाश शासन के अधीनस्थ उन प्राधिकारियों द्वारा प्रदान किया जा सकता है जिन्हें राज्यपाल, नियम या आदेश द्वारा निर्दिष्ट कर दें। विशेष विकलांगता अवकाश राज्यपाल द्वारा स्वीकृत किया जा सकता है।
3. अराजपत्रित सरकारी सेवकों को विशेष विकलांगता अवकाश के अतिरिक्त मूल नियमों के अन्तर्गत अनुमन्य कोई भी अन्य अवकाश उस प्राधिकारी द्वारा जिसका कर्तव्य उस पद को यदि वह रिक्त होता, भरने का होता या वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–2 के भाग 4 में उल्लिखित किसी अन्य निम्नतर सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रतिनिहित अधिकार सीमा के अधीन रहते हुए प्रदान किया जा सकता है।
4. राजपत्रित अधिकारियों को अवकाश देने के लिए साधारणतया शासन की स्वीकृति की आवश्यकता है, किन्तु वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–2 के भाग–4 में उल्लिखित किसी अन्य निम्नतर सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रतिनिहित अधिकारी सीमा के अधीन रहते हुए अवकाश प्रदान किया जा सकता है।
5. किसी अवकाश का दावा या मांग, अधिकार स्वरुप नहीं किया जा सकता है। अवकाश लेने का दावा ऐसे नहीं किया जा सकता है जैसे कि वह एक अधिकार हो। जब जन सेवाओं की आवश्यकताएं ऐसी अपेक्षा करती हों, तो किसी भी प्रकार के अवकाश को निरस्त करने या अस्वीकृत करने का अधिकार, अवकाश प्रदान करने हेतु सक्षम

प्राधिकारी के पास सुरक्षित हैं। इस सम्बन्ध में अवकाश स्वीकृत करने वाला अधिकारी, किसी अवकाश को जनहित में अस्वीकृत करने के लिए पूर्णतया सक्षम है।

6. अवकाश साधारणतया कार्यभार छोड़ने से प्रारम्भ होता है तथा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि के पूर्ण दिवस को समाप्त होता है।

7. बिना प्राधिकृत अधिकारी की पूर्व स्वीकृति प्राप्त किये कोई सरकारी सेवक अवकाश काल में कोई लाभप्रद व्यवसाय या नौकरी नहीं कर सकता है। नियमतः अवकाश काल में कोई भी राजकीय कर्मचारी अन्यत्र कोई सेवा धनोपार्जन के उद्देश्य से नहीं कर सकता जब तक कि इस संबध में उसके द्वारा सक्षम अधिकारी से पूर्व स्वीकृति प्राप्त न कर ली जाये।

8. जन सेवा के हित में अवकाश प्रदान करने वाले प्राधिकारी को अवकाशाधीन सरकारी कर्मचारी को अवकाश का पूर्ण उपभोग किये बिना ड्यूटी पर वापस बुलाने का अधिकार है।

9. चिकित्सा अवकाश का उपभोग करने के उपरान्त किसी भी कर्मचारी को सेवा में योगदान करने की अनुमति तब तक नहीं दी जा सकती तब तक कि उसके द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर अपना स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता। यदि सक्षम अधिकारी चाहे तो अस्वस्थता पर लिये गये किसी अन्य श्रेणी के अवकाश के मामले में भी उपरोक्त स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र मांग सकता है।

10. यदि कोई राजकीय कर्मचारी, अवकाश अवधि की समाप्ति के उपरान्त भी अनुपस्थित रहता है तो उसे ऐसी अनुपस्थिति की अवधि के लिए कोई अवकाश वेतन देय नहीं होगा एवं उक्त अवधि अर्ध औसत वेतन पद अवकाश के रुप में रेखांकित की जायेगी जब तक कि सक्षम अधिकारी द्वारा अवकाश अवधि बढ़ा न दी गयी हो। यदि बाद में वह अनुपस्थिति की अवधि का चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है तो इस अवधि को चिकित्सा प्रमाण पत्र पर देय अवकाश से घटा दिया जायेगा किन्तु कोई अवकाश वेतन भुगतान नहीं किया जायेगा।

11. अवकाशोपरान्त जान बूझकर सेवा से अनुपस्थिति, दुव्यवहार की श्रेणी में आती है एव दण्डनीय अपराध है।

12. सरकारी सेवक को निलम्बन की अवधि में अवकाश प्रदान नहीं किया जा सकता।

13. सरकारी सेवक जिसे दुराचरण अथवा सामान्य अक्षमता के कारण सेवा से निकाला या हटाया जाना अपेक्षित हो, को अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाना चाहिए।

14. सरकारी कर्मचारियों को मुख्यतः निम्नांकित प्रकार के अवकाश अनुमन्य होते हैं जिनका उपभोग निर्धारित नियमों एवं प्रतिबन्धों के अधीन सम्बन्धित कर्मचारी द्वारा किया जा सकता है :–

1. आकस्मिक अवकाश (Casual Leave)
2. अर्जित अवकाश (Earned Leave)
3. निजी कार्य पर अवकाश (Leave on Private Affairs)
4. चिकित्सा अवकाश (Leave on Medical Certificate)
5. मातृत्व अवकाश (Matrenity Leave)
6. असाधारण अवकाश (Extra Ordinary Leave)
7. हॉस्पिटल अवकाश (Hospital Leave)
8. अध्ययन अवकाश (Study Leave)
9. विशेष विकलांगता अवकाश (Special Disability Leave)

10. लघुकृत अवकाश (Commuted Leave)
11. रोजगार अवकाश (Rozgar Leave)
12. प्रतिकर अवकाश (Compensatory Leave)
13. संगरोध अवकाश (Quarantive Leave)
14. दीर्घावकाश (Vacation Leave)
15. बाल्य देखभाल अवकाश (Child Care Leave)

(य) अनुशासनिक कार्यवाही

सरकारी सेवकों के अनुशासित, चरित्रवान, ईमानदार एवं कर्तव्य परायण होने की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली में उल्लिखित आचरण के प्रतिकूल आचरण अर्थात दुराचरण में प्रवृत्त होने वाले लोक सेवकों को सम्यक दण्ड देने के लिए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही, विभागीय कार्यवाही या प्रशासनिक कार्यवाही निम्नानुसार की जा सकती है :–

(1) जॉच कराने का विनिश्चय।
(2) जॉच अधिकारी की नियुक्ति।
(3) आरोप–पत्र तैयार करना।
(4) आरोपित सेवक को आरोप–पत्र तामिल करना।
(5) आरोपित सेवक को लिखित कथन प्रस्तुत करने का समय देना।
(6) आरोपित सेवक को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर देना।
(7) प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त करना।
(8) आरोपित सेवक को बचाव सहायक की सहायता लेने की अनुमति देना।
(9) अभियोजन पक्ष अर्थात, विभाग का साक्ष्य लेना।
(10) बचाव पक्ष अर्थात आरोपित सेवक का साक्ष्य लेना।
(11) आरोपित सेवक से, उसके विरुद्ध साक्ष्य में आयी परिस्थितियों के सम्बन्ध में प्रश्न पूछ कर स्पष्टीकरण लेना।
(12) बहस सुनना।
(13) साक्ष्य का अधिमूल्यन करना।
(14) जॉच रिपोर्ट तैयार करना।
(15) अनुशासनिक प्राधिकारी का अनन्तिम विनिश्चय।
(16) आरोपित सेवक को जॉच रिपोर्ट की प्रतिलिपि देकर अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का अवसर देना।
(17) अनुशासनिक प्राधिकारी का अन्तिम विनिश्चय।
(18) लोक सेवा आयोग से परामर्श (यदि आवश्यक हो)
(19) दण्डादेश।

(र) टिप्पणी व पत्राचार

किसी भी विचाराधीन पत्र के निस्तारण को सुगम बनाने तथा तत्सबंधी वस्तुस्थिति का पूर्ण रुप से स्पष्टीकरण करने के लिए जो लेख अंकित किया जाता है, उसे टिप्पणी कहते हैं। टिप्पणी लिखने का उददेश्य उन विषयों को, जिन पर निर्णय लिया जाना है, स्पष्ट रुप से तर्क सहित प्रस्तुत करना है। सुगम निर्णयन हेतु टिप्पणी लिखने तथा तदनुसार पत्रालेख प्रस्तुत करने में निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखना चाहिए :–

1. सरलता व स्पष्टता।
2. शुद्धता व पूर्णता।
3. शिष्टता व संक्षिप्तता।
4. संयत व भद्रजनोतित भाषा।
5. सम्बोधन व स्वनिर्देश का सावधानीपूर्वक प्रयोग।

पत्रों के प्रकार

1. शासनादेश (Government Order)
2. शासकीय पत्र (Official Letter)
3. परिपत्र (Circular)
4. द्रुतगामी (Fast Speed)
5. अर्धशासकीय पत्र (Demiofficial Letter)
6. अशासकीय पत्र (Unofficial Letter)
7. पृष्ठांकन (Endorsement)
8. कार्यालय ज्ञाप (Official Memorundum)
9. कार्यालय आदेश (Official Order)
10. विज्ञप्ति/अधिसूचना (Notification)
11. प्रेस विज्ञप्ति (Press Communique)
12. संकल्प (Resolution)
13. उद्घोषणा (Declaration)
14. अनुस्माक (Reminder)

वित्त विभाग के कतिपय महत्वपूर्ण शासनादेशों की सूची

1. स्वेच्छा से सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों को पेन्शन आदि में अतिरिक्त सेवा के लाभ का दिया जाना	संख्या : 5/7/77 (3) कार्मिक–1 दिनांक 24–8–1977
2. सेवानिवृत सरकारी सेवकों जिनके विरुद्ध वैभागिक अथवा न्यायिक कार्यवाही अथवा प्रशासनाधिकरण/सर्तकता जांच चल रही हो को अनन्तिम पेन्शन का भुगतान	संख्या : 3–1679/दस–80–909–79 दिनांक 28–10–1980
3. राज्य सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों तथा राज्य सरकार के अधीन सेवा करते हुए सेवानिवृत्त अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों और उनके परिवार के आश्रितों को श्रवण यंत्र तथा कृत्रिम दन्तावली की सुविधा	संख्या : एम0एम0 188/5–7–1035–86 दिनांक 24 जून 1987
4. सेवारत सरकारी सेवकों व उनके परिवार के आश्रित सदस्यों को श्रवण यंत्र तथा सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों (जिनमें राज्य सरकार के अधीन सेवा करते हुए अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारी भी सम्मिलित है) व उनके परिवार के आश्रितों को श्रवण यंत्र तथा कृत्रिम दंतावली की सुविधा हेतु प्रकिया का सरलीकरण	संख्या 3652/5–7–1035–86 दिनांक 3 अक्टूबर 1988
5. राज्य सरकार के सेवानिवृत्त सरकारी तथा उनके परिवार के आश्रितों को कृत्रिम अंगों, पेसमेकर आदि की सुविधायें	संख्या : 1402/5–7–89–1035/86 दिनांक 11 मई 1989
6. राज्य विश्वविद्यालयों में राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम में निर्धारित प्रकिया के आधार पर विधिवत् चयनित एवं नियुक्त अध्यापकों की नवनियुक्ति के समय पूर्व संस्थाओं में उनके द्वारा प्राप्त किये गये मूल वेतन का संरक्षण	संख्या 3741/पन्द्रह (15)–41 (1)/80 दिनांक 20 जून 1989
7. अस्थाई सरकारी सेवकों की सेवा निवृत्ति /मृत्यु पर पेन्शनरी लाभों की अनुमन्यता	संख्या : सा–3–1152/दस–915–89 दिनांक 1 जुलाई 1989
8. अधिवर्षता पेन्शन, पारिवारिक पेन्शन, मृत्यु/सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी तथा राशिकरण की धनराशि की अदायगी में होने वाले विलम्ब को दूर करने हेतु वर्तमान कार्य प्रणाली का सरलीकरण	संख्या सा–3–1713/दस–87–933/89 दिनांक 28 जुलाई 1989
9. सार्वजनिक उपकम/निगम, विश्वविद्यालय में कार्यरत सेवकों की राजकीय सेवा में नियुक्ति पर वेतन संरक्षण/निर्धारित की सुविधा प्रदान किया जाना	संख्या जी 2–359/दस–1998 दिनांक 12 जून 1998
10. सेवा निवृत्ति आदि मामलों में सरकारी सेवकों के अवकाश लेखों में जमा अर्जित अवकाश के बदले में धनराशि का नकद भुगतान	संख्या : सा–4–393/दस–99–200/88 दिनांक 1 जुलाई 1999
11. उत्तर प्रदेश राज्य के पुर्नगठन के फलस्वरुप उत्तर प्रदेश राज्य के सेवा निवृत्ति सरकारी सेवकों के सेवा नैवृत्तिक लाभों के भुगतान की प्रकिया	संख्या सा–3–1783/1दस–2000–308(9)–2000 दिनांक 8 नवम्बर 2000
12. उत्तरांचल गठन के फलस्वरुप भविष्य निधि से सम्बन्धित भुगतान	संख्या 0058/वि0स0/कैम्प/200–2001 दिनांक 29 नवम्बर 2000

13. 9 नवम्बर 2000 या तदुपरान्त सेवानिवृत्त उत्तरांचल राज्य हेतु नियुक्त या विकल्प देने वाले कर्मचारियों/अधिकारियों के सेवा नैवृत्तिक लाभ स्वीकृत करने के सम्बन्ध में	संख्या 0045/स0वि0उ0/कैम्प/2000 दिनांक 29 दिसम्बर 2000
14. उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2009 के अधीन दिनांक 9 नवम्बर 2000 के पूर्व के अवशेष भुगतान के सम्बन्ध में	संख्या 0037/26–स0वि0/कैम्प/2001 दिनांक 5 फरवरी 2001
15. सरकारी कर्मचारियों को समय से वेतन भुगतान तथा प्रभावी लेखा प्रणाली हेतु कोषागारों में "एकीकृत भुगतान एवं लेखा प्रणाली" लागू किया जाना	संख्या 235/21/वि0अनु0–1/2001 दिनांक 06 दिसम्बर 2001
16. उत्तरांचल क्षेत्र में पर्वतीय विकास भत्ता	संख्या 692/वि0अनु0–3/2002 दिनांक 11 फरवरी 2003
17. उत्तरांचल सामान्य भविष्य निधि संशोधन नियमावली, 2007	संख्या 277 xxvii /(7) 2007 दिनांक 24 अक्टूबर 2007
18. दिनांक 1 अक्टूबर 2005 से लागू अंशदायी पेंशन योजना से सम्बन्धी शासनादेश संख्या 21/xxvii (7)/अं0पें0यो0/2005 दिनांक 25 अक्टूबर 2005 का स्पष्टीकरण	संख्या : 3259/नि0ले0ह0/13/अं0पें0यो0/2008 दिनांक 2 जनवरी 2008
19. छठें केन्द्रीय वेतनमान की संस्तुतियों के कम में केन्द्र सरकार की भांति 1–1–2006 के पूर्व के राज्य सरकार के पेंशनर/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षण किया जाना	संख्या 5421/ xxvii (7) पेंशन /2008 दिनांक 27 अक्टूबर 2008
20. राज्य सरकार के सिविल/पारिवारिक पेंशनरों आदि को केन्द्रीय छठे वेतन आयोग की संस्तुति के कम में 1–1–2006 से लागू पुनरीक्षित महंगाई राहत स्वीकृत किया जाना।	संख्या 420/ XXVII (7) मं.स./2008 दिनांक 27 अक्टूबर 2008
21. छठवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों पर केन्द्र सरकार के द्वारा लिए गये निर्णयों के कम में वेतन समिति 1 उत्तराखण्ड (2008) की संस्तुतियॉ को स्वीकार किए जाने के फलस्वरुप दिनांक 1.1.2006 को अथवा इसके पश्चात् सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का पेंशन/ग्रैच्युटी/पारिवारिक पेंशन एवं राशिकरण की प्रकिया में संशोधन	संख्या 419/ XXVII (7)/2008. दिनांक 27 अक्टूबर 2008
22. उत्तराखण्ड रिटायरमेन्ट बेनिफिट्स (संशोधन) नियमावली 2009	संख्या : 26 xxvii (7)/2008 दिनांक 30 जनवरी 2009
23. वेतन समिति (2008) के द्वितीय प्रतिवेदन की संस्तुतियों पर लिये गये निणर्यानुसार राज्य सरकार के सहायता प्राप्त शिक्षण/प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक एवं सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के दिनांक 1.1.2006 से पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड एवं ग्रेड–पे की स्वीकृति तथा पेंशन का पुनरीक्षण	संख्या 25/ XXVII (7) द्वि0प्रति0/2009 दिनांक 13 फरवरी 2009
24. उत्तराखण्ड राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा एवं बचत योजना के अन्तर्गत मसिक अभिदान एवं आच्छादन की धनराशि का दिनांक	संख्या 37 (1)/ XXVII (7)/2009 दिनांक 13 फरवरी 2009

National University of Educational Planning and Administration
Acc. No. D-14295
Date : 19-6-2-13
Documentation Centre

1 जनवरी 2006 से लागू पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य ग्रेड वेतन के आधार पर पुनरीक्षण	
25. वेतन समिति 2008 की संस्तुतियों पर लिए गए शासन के निर्णय के अनुसार मकान किराया भत्ता की दरों में संशोधन	संख्या 38/ XXVII (7) म0कि0/2008 दिनांक 13 फरवरी 2009
26. वेतन समिति 2008 की संस्तुतियों पर लिए गए शासन के निर्णय के अनुसार पर्वतीय विकास भत्ता की दरों में संशोधन	संख्या 39/XXVII (7) प0वि0भ0/2009 दिनांक 13 फरवरी 2009
27. स्वैच्छिक परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन दिये जाने की व्यवस्था	संख्या 40/XXVII (7) स्वै0परि0क0/2009 दिनांक 13 फरवरी 2009
28. दिनांक 1–1–2006 अथवा इसके पश्चात् नियुक्त सीधी भर्ती के कार्मिकों के विभिन्न वेतन बैण्डों में वेतन निर्धारण के संबंध में	संख्या 41/XXVII (7) सी0भर्ती0/2009 दिनांक 13 फरवरी 2009
29. वेतन समिति 2008 की संस्तुतियों पर लिए गये निर्णय के अनुसार प्रतिनियुक्ति भत्ता की दरों में संशोधन	संख्या 42/XXVII (7) प0वि0भ0/2009 दिनांक 13 फरवरी 2009
30. उत्तराखण्ड राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा एवं बचत योजना के अन्तर्गत मासिक अभिदान एवं आच्छादन की धनराशि का दिनांक 1 जनवरी 2006 से लागू पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य ग्रेड वेतन के आधार पर पुनरीक्षण	संख्या 37 /XXVII (7) सा0बी0यो0/2009 दिनांक 13 फरवरी 2009
31. राजकीय कर्मचारियों/अधिकारियों के सामान्य भविष्य निधि के 90 प्रतिशत भुगतान के प्रकरण छः माह पूर्व महालेखाकार कार्यालय से मिलान हेतु प्रेषित किया जाय	संख्या : 82/ xxvii (1)/2008 दिनांक 13 फरवरी 2009
32. उत्तरांखण्ड राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा एवं बचत योजना के अर्न्तगत मासिक अभिदान एवं आच्छादन की धनराशि का दिनांक 01 जनवरी 2006 से लागू पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य ग्रेड वेतन के आधार पर पुनरीक्षण	संख्या : 37/ xxvii (सा0बी0यो0)/2009 दिनांक 13 फरवरी 2009
33. सुनिश्चित वित्तीय स्तरोन्नयन/एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेसन (ए0सी0पी0) लागू किया जाना	संख्या 75/ XXVII (7) ए0सी0पी0/2009 दिनांक 28 फरवरी 2009
34. यात्रा भत्ता की दरों का पुनरीक्षण	संख्या 78/XXVII (7)/2009 दिनांक 1 मार्च 2009
35. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के समयमान वेतनमान में आ रही विसंगति के निराकरण के संबंध में 31–7–2007 के शासनादेश का स्पष्टीकरण	संख्या : 86 xxvii (7)/2009 दिनांक 12 मार्च 2009
36. यात्रा भत्ता की दरों में संशोधन का शुद्धि पत्र	संख्या 100/ xxvii (7)/2008/ दिनांक 31 मार्च 2009
37. दिनांक 1–1–2008 से पूर्व सेवानिवृत्त हुए राज्य सरकार के पेंशनर्स का दिनांक 1–1–2006 के बाद पुर्ननियुक्ति होने पर वेतन का निर्धारण	संख्या : 218/ xxvii (7)/2009 दिनांक 12 अगस्त 2009
38. एकीकृत भुगतान एवं लेखा प्रणाली के माध्यम से वेतन के अतिरिक्त	संख्या : 1259/ xxiv (7)/2009

नियमित रुप से स्वीकृत होने वाले मंहगाई भत्ते का कोषागारों द्वारा भुगतान किया जाना	दिनांक 25 नवम्बर 2009
39. यात्रा भत्ता की दरों का पुनरीक्षण	संख्या 411/ XXVII (7) 2010 दिनांक 06 जनवरी 2010
40. वेतन समिति की संस्तुतियों के कम में समूह 'घ' के कर्मचारियों के लिए संशोधन वेतन संरचना में स्टाफिंग पैटर्न लागू किया जाय	संख्या : 83/ xxvii (7)/2010 दिनांक 7 जनवरी 2010
41. राज्य सरकार के कर्मियों के लिए भारत सरकार की मोडीफाईड एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन स्कीम के अनुरुप व्यवस्था लागू किया जाना	संख्या 444/ XXVII (7) ए0सी0पी0 (1)/2010 दिनांक 09 फरवरी 2010
42. विभागाध्यक्ष एवं अधीनस्थ कार्यालयों में मिनिस्टीरियल संवर्ग के संगठनात्मक ढांचे में परिवर्तन एवं वेतनमान संशोधन	संख्या 443/ XXVII (7)/2010 दिनांक 9 फरवरी 2010
43. एकीकृत भुगतान एवं लेखा प्रणाली के माध्यम से वेतन, महंगाई भत्ता, एरियर/पेंशन का कोषागारों द्वारा भुगतान करने की वर्तमान प्रणाली को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने के सम्बन्ध में	संख्या : 232/ xxvii/2010 दिनांक 19 अप्रैल 2010
44. सेवानिवृत्त कर्मचारियों/ अधिकारियों के सामान्य भविष्य निधि के 90 प्रतिशत भुगतान के प्रकरण छः माह पूर्व महालेखाकार कार्यालय से मिलान हेतु प्रेषित किया जाना	संख्या : 300/ xxvii (1)/2010 दिनांक 03 जून 2010
45. अंशदान पेंशन योजना	संख्या : 643/xxvii (7) /2010 दिनांक 11 अगस्त 2010
46. उत्तराखण्ड राज्य के अधीन विभिन्न विभागों में नियुक्त विकलांग कर्मचारियों के वाहन भत्ते की दरों का पुनरीक्षण	संख्या 488/ XVII -2/2010-06(39)/2005 दिनांक 19 अगस्त 2010
47. दिनांक 1-1-2006 से पुनरीक्षित किये गये वेतनमानों के फलस्वरुप एक माह के वेतन के बराबर भुगतान किये गये मानदेय के अवशेष भुगतान के संबंध में	संख्या 726/ XXVII (7)/2010 दिनांक 14 अक्टूबर 2010
48. स्वैच्छिक परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन विषयक शासनादेश संख्या 40/XXVII (7) स्व0 प0क0/2009 दिनांक 13 फरवरी 2009 में संशोधन	संख्या 736/ XXVII (7) स्वै0प0क0/2010 दिनांक 27 अक्टूबर 2010
49. पूर्व वेतनमान में समयमान वेतनमान वाले पद के पुनरीक्षित वेतनमान के सादृश्य ग्रेड पे के पद पर पदोन्नति होने पर एक वेतनवृद्धि का लाभ अनुमन्य करने के संबंध में	संख्या 729/ XXVII (7)/2010 दिनांक 29 अक्टूबर 2010
50. पेंशनर्स की पेंशन का पुनरीक्षण	संख्या : 835/ xxvii (7)/2011 दिनांक 28 फरवरी 2011
51 वेतन विसंगति समिति द्वारा राजकीय विभागों के आशुलिपिक संवर्ग के संबंध में की गई संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के संबंध में	संख्या 875/XXVII (7) न0 प्रति0/2011 दिनांक 08 मार्च 2011

52. राज्य कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन (ए0सी0पी0) की व्यवस्था	संख्या 872/ XXVII (7) न0 प्रति0/2011 दिनांक 8 मार्च 2011
53. राजकीय विभागों के चतुर्थ श्रेण संवर्ग के पदों पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन के संशोधन /उच्चीकृत के संबंध में	संख्या 877/ XXVII (7)च0श्रे0/2011 दिनांक 24 मार्च 2011
54. राजकीय विभागों के चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के पदों पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन के संशोधन /उच्चीकृत किये जाने संबंधी शासनादेश सं0 877/ XXVII (7)च0श्रे0/2011 दिनांक 24 मार्च 2011 का संशोधन	संख्या 888/ XXVII (7)च0श्रे0/2011 दिनांक 24 मार्च 2011
55. राजकीय विभागों के चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के पदों पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन का दिनांक 01 –01-2006 से काल्पनिक आधार पर तथा दिनांक 24–3–2011 से वस्तविक आधार पर संशोधन	संख्या 07/XXVII (7) /27(V)/2011 दिनांक 06 अप्रैल 2011
56. राजकीय विभागों के चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के पदों पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन के संशोधन /उचीकरण विषय शासनादेश सं0 877/ XXVII (7)च0श्रे0/2011 दिनांक 24 मार्च 2011 के प्रस्तर–3 में संशोधन	संख्या 63/ XXVII (7) 27 (8)/2011 दिनांक 05 जुलाई 2011
57. आशुलिपिक संवर्ग के पदनाम	संख्या 963/XXX(2)/2011 दिनांक 25 जुलाई 2011

NUEPA DC
D14295

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 01 शिक्षा/135–23–6–2012–300 प्रतियाँ (कम्प्यूटर/रीजियो)।